

# अधिक बलवान कौन






एक बार हवा और सूरज में बहस छिड़ गई । हवा ने सूरज से कहा- मैं तुमसे अधिक बलवान हूँ । सूरज ने हवा से कहा- मुझमें तुमसे ज़्यादा ताकत है। इतने में हवा की नज़र एक आदमी पर पड़ी। हवा ने कहा- इस तरह बहस करने से कोई फ़ायदा नहीं है। जो इस आदमी का कोट उतरवा दे, वही ज्यादा बलवान है।

सूरज हवा की बात मान गया। उसने कहा- ठीक है। दिखाओ अपनी ताकत।

हवा ने अपनी ताकत दिखानी शुरू की। आदमी की टोपी उड़ गई। पर कोट उसने अपने दोनों हाथों से शरीर से लपेटे रखा और जल्दी-जल्दी कोट के बटन बंद कर लिए ।



हवा और ज़ोर से चलने लगी। अंत में आदमी नीचे ही गिर पड़ा। पर कोट उसके शरीर पर ही रहा। अब हवा थक गई थी। सूरज ने कहा- हवा, अब तुम मेरी ताकत देखो। सूरज तपने लगा। आदमी ने कोट के बटन खोल दिए। सूरज की गर्मी और बढ़ी। आदमी ने कोट उतार दिया और उसे हाथ में ले कर चलने लगा।

सूरज ने कहा- देखी मेरी ताकत? उतरवा दिया न कोट? हवा ने सूरज को नमस्कार किया और कहा- मान गई तुम्हारी ताकत को ।

## शब्द-अर्थ :

| | |
|---|---|
| बहस - तर्क | नज़र - दृष्टि |
| छिड़ गई - आरंभ हो गई | फ़ायदा - लाभ |
| सूरज - सूर्य | बलवान - ताकतवर |
| ज्यादा - अधिक | शुरू - आरंभ |
| ताकत - शक्ति | जल्दी - शीघ्र |
| | नमस्कार - प्रणाम |




## सोचो और बताओ :

१. किस-किस में बहस छिड़ गई ?

२. हवा की नजर किस पर पड़ी ?

३. किसीको बलवान मानने के लिए क्या तय हुआ ?

४. हवा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया ?

५. सूरज ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया ?

६. किसकी हार हुई ?

७. हवा ने हारकर सूरज से क्या कहा ?

## सही-गलत

१. नीचे लिखे गए सही कथन पर (✓) चिह्न और गलत कथन पर (✗) चिह्न लगाओ :

क) हवा ने सूरज से कहा- मैं तुमसे अधिक बलवान हूँ ।

ख) हवा में आदमी की टोपी नहीं उड़ी ।

ग)	आदमी ने धीरे से कोट के बटन बंद कर लिए।

घ)	हवा जोर से चलने लगी, पर आदमी नीचे नहीं गिरा।

ङ)	गर्मी बढ़ने से आदमी ने शरीर से कोट उतार दिया।

## पहले क्या हुआ, फिर क्या हुआ :

आदमी ने कोट उतार दिया ।

आदमी नीचे गिर पड़ा ।

आदमी की टोपी उड़ गई ।

## किसमें कितनी ताकत

बताओ, कौन ज़्यादा ताकतवर है ? तुम्हें ऐसा क्यों लगता है ?

- सूरज या हवा

  ________ ज़्यादा ताकतवर है ।

  क्योंकि ________________________________ ।

- हाथी या शेर

  ________ ज्यादा ताकतवर लगता है।

  क्योंकि ________________________________ ।

- गर्मी या सर्दी

  ________ ज्यादा ताकतवर है ।

  क्योंकि ________________________________ ।

## एक शब्द के बदले दूसरा शब्द :

नीचे 'क' विभाग के शब्दों के अर्थ 'ख' विभाग में दिए गए हैं। उन्हें सजाकर लिखो :

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| बहस | देह |
| फ़ायदा | प्रणाम |
| शरीर | तर्क |
| ताकत | लाभ |
| नमस्कार | शक्ति |
| | सत्य |

## शब्दों का खेल :

| ह | वा | म | ह | ल |
|---|---|---|---|---|

यहाँ पर छह शब्द छिपे हैं -

हवा, हम, मल, वाह, हल, महल

१. नीचे लिखे अक्षरों में छिपे आठ शब्द तुम भी ढूँढ़ो :

| म | का | न | मा | लि | क |
|---|---|---|---|---|---|

२. नीचे लिखे वाक्य में छुटी हुई मात्राओं को जोड़कर शुद्ध वाक्य लिखो :

आदम न कट क बटन खल दय ।

## शब्दों में वर्ण :

शब्दों को तोड़कर उनके वर्णों को अलग-अलग किया जाता है; जैसे:

आम = आ + म्

राज र् + आ + ज्

अनार अ + न् + आ + र्

विनोद व् + इ + न् + ओ + द्

१. निम्नलिखित शब्दों के वर्ण अलग-अलग लिखते समय कुछ वर्ण छूट गए हैं। उनको खाली स्थान पर लिखो :

ईख ई + ____

रानी र् + आ + ____ + ई

कृपा क् + ऋ + प् + ____

औरत औ + र् + अ + ____

मेला ____ + ए + ____ + आ

दिन द् + ____ + ____

## शब्द बनाना :

घेरे में से अक्षर चुनकर सही शब्द बनाओ :

स्त ण्डा म्ला ध्या थ्वी त्य क्ष्य ण्टा प्स ल्ली

व्य ____ घ ____

बि ____ ठ ____

अ ______ य        स ______

______ न   न        पृ ______

अ ______ रा        ल ______

**कुछ वाक्य देखो :**

सूरज तपने लगा ।

आदमी ने कोट उतार दिया ।

मोहन दूध पीता है ।

इन वाक्यों में सूरज - एक प्राकृतिक तत्त्व का नाम है ।

आदमी - सभी आदमियों की जाति का नाम है ।

कोट - सभी कोटों की जाति का नाम है ।

मोहन - एक बालक का नाम है ।

दूध - एक वस्तु का नाम है ।

१. **नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं । ये किनके नाम बताते हैं ?**

उदाहरण : कमल - एक फूल का नाम । इस प्रकार के फूल समूह या जाति का नाम ।

मीरा -

फल -

हिमालय -

पहाड़ -

महिला -

कुर्सी -

कोयला -

कमला -

लकड़ी -

**उदाहरण देखकर खाली जगह भरो :**

| | |
|---|---|
| बल + वान = बलवान | प्रतिभा + वान = _____ |
| भाग्य + वान = _____ | पुण्य + वान = _____ |
| विद्या + वान = _____ | मूल्य + वान = _____ |

**क्या होता :**

१. मान लो कि हवा ने सूरज से कहा- जो मिट्टी में गड़े इस तम्बू को उखाड़ दे, वह ज़्यादा ताकतवर होगा। अब आगे क्या होता, सोचकर बताओ।

२. यदि तुम्हारा दोस्त तुम्हारे साथ बहस करता है और मुकाबला करना चाहता है, तो तुम क्या करोगे ? इसे अपने पिताजी के सामने बताओ और उनकी सलाह लो ।

